Rapid Fire करेंट अफेयर्स (29 January)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-29-01-2019

- हाल ही में गणतंत्र दिवस के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भारत यात्रा पर आए दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और नरेंद्र मोदी के बीच हुई वार्ता में कई महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश संबंधी कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए।
- भारत में कैंसर की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिये अपोलो अस्पताल ने चेन्नई में देश के पहले प्रोटोन कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर की शुरुआत की है। उपराष्ट्रपति वैंकया नायडू ने 1300 करोड़ रुपए की लागत वाले इस सेंटर का शुभारंभ किया, जो देश ही नहीं, बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया का ऐसा पहला सेंटर है। इसके लिये बेल्जियम से 120 टन वज़नी मशीन लाई गई है। लगभग 600 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रियाओं से गुज़रने के बाद केंद्र सरकार के Atomic Energy Regulatory Board (AERB) ने इसके प्रचालन की अनुमति दी है।
- जापान को पीछे छोड़कर भारत दुनिया में कच्चे इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है। विश्व इस्पात संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार 2018 में भारत का कच्चा इस्पात उत्पादन 4.9 प्रतिशत बढ़कर 10.65 करोड़ टन हो गया, जो 2017 में 10.15 करोड़ टन था। जापान का उत्पादन इस दौरान 0.3 प्रतिशत घटकर 10.43 करोड़ टन रह गया। इस तरह भारत ने इस्पात उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ दिया। चीन दुनिया के कुल कच्चे इस्पात उत्पादन के 51 प्रतिशत हिस्से के साथ इस मामले में अव्वल है। 2018 में चीन का कच्चे इस्पात का उत्पादन 6.6 प्रतिशत बढ़कर 92.83 करोड़ टन पर पहुँच गया। 2017 में यह 87.09 करोड़ टन था।
- आधुनिक सिंगापुर की स्थापना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वहाँ लाइट महोत्सव का आयोजन किया गया है। 28 जनवरी से 24 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन को I Light Singapore Festival 2019 नाम दिया गया है। गौरतलब है कि 1819 में आधुनिक सिंगापुर की नींव एक ब्रिटिश व्यक्ति सर थॉमस स्टैमफोर्ड रेफल्स ने डाली थी। 9 अगस्त 1965 को सिंगापुर स्वतंत्र गणराज्य बना था।
- अमेरिका में 35 दिन से चला आ रहा शट डाउन समाप्त हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे खत्म करने के अस्थायी प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि मेक्सिको सीमा पर दीवार बनाने की मांग पर वह कोई समझौता नहीं करेंगे। बजट पर सहमति न बन पाने की वज़ह से 22 दिसंबर से अमेरिका में शट डाउन चल रहा था। बजट पास नहीं होने से अमेरिका में बहुत से सरकारी विभागों का कामकाज ठप हो गया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने मेक्सिको सीमा पर दीवार बनाने के लिये 5.7 अरब डॉलर (लगभग 40 हज़ार करोड़ रुपए) का फंड मांगा है। डेमोक्रेट्स ने यह मांग स्वीकार करने से इनकार कर दिया है।
- अमेरिका की वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्त्ताओं ने एक ऐसी नई तरकीब खोजी है, जिससे ह्यूमन स्टेम सेल्स को इंसुलिन का स्राव करने वाली बीटा कोशिकाओं में बदला जा सकता है। गौरतलब है कि इंसुलिन हार्मोन रक्त शर्करा (Blood Sugar) को नियंत्रित करने का काम करता है। मनुष्य के स्टेम सेल से बीटा सेल्स का निर्माण करने वाली टीम ने इंसुलिन बनाने वाले बीटा सेल्स को बनाने से पहले इसमें काफी बदलाव किये हैं और इसका परीक्षण चूहों पर किया गया है।

- अमेरिका के इलिनॉइस सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी सेंटर के शोधकर्त्ताओं के एक अध्ययन से पता चलता है कि भूजल भी प्लास्टिक से सुरक्षित नहीं है। शोधकर्त्ताओं को भूजल में माइक्रोप्लास्टिक का पता चला है, जो मानव शरीर को कई तरह से हानि पहुँचा सकता है। भूजल में यह माइक्रोप्लास्टिक कई तरह के घटकों के रूप में मौज़ूद है। अभी तक केवल धरती की सतह पर मौज़ूद पानी में ही माइक्रोप्लास्टिक के अंश पाए जाते थे। इस शोध के लिये पानी के 17 सैंपल अमेरिका के कुओं और झरनों से एकत्र किये गए थे।
- भारत ने 10 वर्ष बाद न्यूज़ीलैंड को उसी की धरती पर हराकर एक दिवसीय मैचों की सीरीज़ पर कब्ज़ा किया। तीसरे मैच में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से पराजित किया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज़ में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करते हुए सीरीज़ पर कब्ज़ा कर लिया है। इन तीन मैचों में से दो में तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। गौरतलब है कि इससे पहले भारत ने साल 2009 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-1 से एकदिवसीय सीरीज़ जीती थी।
- ICC ने भारतीय बल्लेबाज और पार्ट टाइम स्पिनर अंबाती रायुडू के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। हाल ही में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच के दौरान उनके संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत की गई थी। रायुडू ने इस मैच में सिर्फ दो ओवर गेंदबाजी करते हुए 13 रन दिये थे। इसके बाद ICC ने उनकी गेंदबाजी एक्शन की जाँच के लिये 14 दिनों का समय दिया था। लेकिन रायुडू ने अपने गेंदबाजी एक्शन की जाँच कराने से इनकार कर दिया। ऐसे में उन पर गेंदबाजी एक्शन की वैधता संबंधी ICC नियमों के प्रावधान 4.2 के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज फर्नांडीज़ का 88 वर्ष की आयु में निधन। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली NDA सरकार में रक्षा मंत्री रहे जॉर्ज फर्नांडीज़ लंबे समय से **अल्ज़ाइमर** से पीड़ित थे। उन्होंने पूर्व में संचार मंत्री, उद्योग मंत्री, रेल मंत्री आदि जैसे अहम मंत्रालयों का कार्यभार भी संभाला था। 1967 से 2004 तक 9 लोकसभा चुनाव जीतकर वह सांसद रहे। अल्ज़ाइमर की बीमारी की वज़ह से लगभग एक दशक से वह सार्वजनिक जीवन से दूर थे। आपको बता दें कि अल्ज़ाइमर का असर याददाश्त, सोचने की क्षमता तथा रोज़मर्रा की गतिविधियों पर पड़ता है। यह एक न्यूरो-डीजेनेरेटिव बीमारी है, जो मस्तिष्क कोशिकाओं के लगातार नुकसान की वज़ह से होती है।